**प्राथमिकता** | स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग बेहतर करने नगर निगम का पूरा अमला मैदान में जुटा

# स्वच्छता फीडबैक में जबलपुर अव्वल : महापौर



**नवभारत,जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि स्वच्छता फीडबैक के मामले में जबलपुर ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम का पूरा अमला मैदानी स्तर पर पूरी तत्परता से जुटा हुआ है। महापौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि नगर निगम जबलपुर के 16 संभाग के अंतर्गत 79 वार्ड हैं, समस्त वार्डो में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं परिवहन किया जा रहा है, सफाई कार्य हेतु प्रतिवार्ड औसतन 40 सफाई कर्मी निर्धारित हैं, डोर टू डोर में कार्यरत सफाई श्रमिक हेल्पर की संख्या 526 है एवं मॉनिटरिंग हेतु 39 कुशल कर्मचारी लगे हुए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग में सहायक आयुक्त 1, सहायक यंत्री 1, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी 4, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक 15, स्वच्छता निरीक्षक 16, वार्ड सुपरवाईजर 79, सहायक वार्ड सुपरवाईजर 30, सफाई संरक्षक नियमितसंविदा 793, एवं हाउटसोर्स के माध्यम से 3919 सफाई संरक्षक हैं।

### इन उपकरणों से सुदृढ़ हो रही सफाई व्यवस्था

महापौर के अनुसार नगर निगम के पास सफाई कार्यो के लिए 400 टिपर वाहन, 20 जेसेबी, 23 हिटाची मशीन, 16 पॉवर स्प्रे, 10 डम्फर, 10 मिनी डम्फर, 28 ट्रेक्टर ट्राली, 10 रोड़ स्वीपिंग मशीन, 8 जेटिंग मशीन, 1 सुपर सकर मशीन, 2 डम्प टैंक, 3 टाटा 200 चेन माउंटेन मशीन, 2 टाटा 110 चेन काउंटेन मशीन, 1 टाटा 70 चेन माउंटेन मशनी, 1 डोजर मशीन, 6 लिटर पिकर, 2 3 इन 1 जेटिंग रॉडिंग ग्रैबिंग मशीन, 25 मोबाइल टॉयलेट, 17 काम्पेक्टर, 4 व्हीकल माउंटेड फॉगिंग मशीन, 48 पोर्टेबल फॉगिंग, 1 वीड हार्वेस्टर/फ्लोटिंग थ्रेट स्किमर (तालाब सफाई हेतु) आदि वाहन एवं मशीने हैं। जिससे लगातार शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होती जा रही है।

### शहर का सौंदर्गीकरण बैकलेन टू बेस्टलेन

महापौर ने पत्रकारवार्ता में ये भी कहा कि अक्सर घरों के पीछे की गलियां उपेक्षित रहती थीं। हमने बैकलेन टू बेस्टलेन अभियान चलाकर शहर की 162 से अधिक गलियों की सूरत बदल दी है। आज ये गलियां कचराघर नहीं, बल्कि सुंदर पेंटिंग्स और हरियाली के साथ सेल्फी पॉइंट बन चुकी हैं। इसके साथ ही शहर के पार्कों, प्रमुख चैराहों (जैसे आदि शंकराचार्य चैक, साइंस कॉलेज चैराहा) को फव्वारों और लाइटिंग से सजाया गया है।

### मां नर्मदा के घाटों और जलाशयों का संरक्षण

महापौर ने कहा कि नर्मदा जी हमारी जीवनदायिनी हैं। ग्वारीघाट और तिलवाराघाट पर विशेष थीम आधारित पेंटिंग, आधुनिक शौचालय, चेंजिंग रूम और लगातार सफाई की व्यवस्था की गई है। इस साल जबलपुर पहली बार रिवर टाउन एसेसमेंट में हिस्सा ले रहा है। तालाबों को साफ रखने के लिए विशेष लेक क्लीनिंग टीम तैनात है।

### जल संकट से मिली राहत

जलसंकट से राहत और जल सुनवाई की अनूठी पहलमहापौर ने बताया कि पिछले साल शहरवासियों को पेयजल संकट से बड़ी राहत मिली है, इस साल और बड़ी राहत मिल रही है, क्योंकि नगर निगम द्वारा पाइप लाइन विस्तार, टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति, नए बोरिंग और कनेक्शन देने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। नागरिकों की पानी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक विशेष पहल की जा रही है। पत्रकारवार्ता के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ अध्यक्ष रिंकू विज, एम आई सी सदस्य डॉ सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेंद्र यादव, रजनी कैलाश साहू, पार्षद अनुराग दहिया आदि उपस्थित रहे।




# थैलेसीमिया व सिकिलसेल के प्रति किया जागरूक

**मैराथन और वॉकथॉन के माध्यम से प्रतिभागियों ने दिया संदेश**

**1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

**नवभारत,जबलपुर।** थैलेसीमिया जन जागरण समिति, नगर निगम जबलपुर, स्क्रीन ऑन एवं श्री इवेंट्स के सहयोग से रविवार थैलेसीमिया, सिकिलसेल बीमारी को दूर करने एवं स्वच्छता जनजागरूकता के उद्देश्य से मैराथन एवं वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, युवतियों, महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, एनसीसी व सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस मौके पर बैनर, पोस्टर के माध्यम से हर वर्ग को जागरूक करने भी प्रयास किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महापौर जगत बहादुर सिंह, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास सावला, डॉ अंशुल होतानी, डॉ. अमरदीप बंसल, नरेश ग्रोवर, रेनू कोरी, अर्जुन पुरूषवानी, रॉकी जसूजा, संजय पुरूषवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नागरिक व सामाजिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुये पुरस्कृत

मैराथन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को महिला एवं पुरुष वर्ग में पृथक .पृथक पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 11 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 5 हजार 100 रूपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 2 हजार 100 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही विजेताओं को मोमेंटो, प्रमाण .पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मैराथन एवं वॉकथॉन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए गए। आयोजन में करीब 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिनके प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने थैलेसीमिया एवं सिकिल सेल जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा नियमित रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में थैलेसीमिया जन जागरण समिति के प्रदेश अध्यक्ष विकास शुक्ला, डॉ संजय असाटी, जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी मनु, डॉ ऋ षि सागर, सरबजीत सिंह नारंग, अजय घोष, प्रशांत विनोदिया, पुनीत दीवान, आशीष विश्वकर्मा, नीलेश गुप्ता, शैलेष जैन, पंकज सिंघाई, इलुविंदर सिंह, किशोर थारवानी, अभिषेक खुरासिया, सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# हज़रत सैयद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का उर्स सम्पन्न



**जबलपुर।** बड़ी ओमती जामा मस्जिद के सामने स्थित हज़रत सैयद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का सालाना दो दिवसीय उर्स शरीफ़ शनिवार की रात बड़े अदब, एहतराम और अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स शरीफ़ का आगाज़ 29 मई को बाद नमाज़-ए-मगरिब परचम कुशाई के साथ हुआ, जिसके बाद दरगाह शरीफ़ में फ़ातिहा, तिलावत-ए-कुरआन, दुआ और इबादत का सिलसिला लगातार जारी रहा।

उर्स के मौके पर 30 मई को शाही संदल जुलूस खादिम अमित बाबा एवं बाबू बाबा के निवास, नया मोहल्ला से सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में निकाला गया। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ दरगाह शरीफ़ पहुँचा, जहाँ अकीदतमंदों ने संदल पेश कर हाज़िरी दी और मुल्क में अमन, भाईचारे, तरक्क़ी एवं खुशहाली के लिए खुसूसी दुआएँ कीं।उर्स शरीफ़ में बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंदों ने शिरकत कर बुज़ुर्ग-ए-दीन को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया। इस अवसर पर साबिर भाई, जाविद भाई, असलम भाई, शाहिद, मुबीन, सलमान बाबा, कदीर बाबा, शारू बाबा, कल्लू बाबा, अज्जू बाबा, नसीम बाबा, मंजूर भाई, वसीम भाई, वरुण साहनी और अहद पहलवान सहित अनेक लोगों की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।पूरे कार्यक्रम के दौरान दरगाह शरीफ़ पर रूहानी माहौल बना रहा। जायरीन ने फ़ातिहा व दुआ का एहतमाम किया तथा उर्स की बरकतों से फ़ैज़याब हुए। कार्यक्रम के समापन पर दरगाह शरीफ़ के खादिम अमित बाबा एवं बाबू बाबा ने सभी जायरीन, अकीदतमंदों और सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया!

## घर के अंदर घूम रही थी ढाई फीट लंबी गोह

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानांतर्गत बमुरहा हिनौता निवासी राजेश दुबे के कच्चे खपरैल मकान में तीन दिन से एक ढाई फीट लंबी गोह घर से निकलने का नाम नहीं ले रही थी। दिन भर घर के छप्पर में तो कहीं रसोई कक्ष में दौड़ भाग करती और परिजनों के बीच दहशत का पर्याय बनी रही। आज दोपहर दो बजे जब गोह पानी की टंकी के पास आराम फरमा रही थी तभी राजेश ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए गोह को प्राकृतिक रहवास तिलवारा के जंगल में छोड़ दिया।

# चाकू की नोक पर कार सवार को लूटा, ले गये 50 हजार का आईफोन



**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत अंतर्गत मंडला बाईपास मंगेली में कार से लौट रहे एक युवक को चार अज्ञात बदमाशों ने चाकू की नोक पर बंधक बनाया। इसके बाद बदमाश उसका कीमती मोबाइल, नगदी और कार की चाबी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर नाकाबंदी कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्वारीघाट निवासी सर्वम नामदेव (26) एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह अपनी महिला मित्र के साथ कार एमपी 28 सीए 6203) से तिलवारा होते हुए घर लौट रहा था। शाम करीब 4:30 बजे वह निस्तार के लिए मंगेली गांव के पास रुका। तभी एक बाइक पर दो युवक आए और बोले क्यों, कोई दिक्कत तो नहीं है? सर्वम ने कहा कि कोई बात नहीं है। इतने में ही उनके दो और साथी वहां आ गए। चारों बदमाशों ने सर्वम को घेर लिया। एक आरोपी ने तुरंत चाकू निकालकर सर्वम पर अड़ा दिया और धमकी दी कि जेब में जो कुछ है, दे दो। सर्वम ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ झूमाझटकी की। बदमाश उसका 50 हजार रुपये का आईफोन, 3000 नगद और उसकी कार की चाबी लूट ले गए। कार में बैठी सर्वम की दोस्त इस पूरी वारदात की चश्मदीद बनी, जो डर के मारे चीख भी नहीं सकी। वारदात के बाद चारों आरोपी मंडला की तरफ भाग निकले। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। साथ ही आसपास के ढाबों और बाईपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### दो बदमाशों ने महिला से छीना मोबाइल

गोरखपुर थाना अंतर्गत राय कैफे के पास पैदल जा रही एक महिला के हाथ से बाइक सवार दो युवक मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस के अनुसार, 29 वर्षीय सरोपति कुंजाम निवासी कटंगा की एपीआर कॉलोनी की खाना बनाने का काम करती हैं। सुबह करीब 9 बजे वह पैदल काम पर जा रही थीं। जैसे ही वह गोरखपुर में राय कैफे के पास कोटक महिंद्रा बैंक के सामने पहुंचीं, उनके पास एक फोन आया। सरोपति ने जैसे ही अपनी लोअर की जेब से मोबाइल निकालकर बात करना शुरू किया, तभी गोरखपुर बाजार की तरफ से एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल आई। मोटरसाइकिल पर दो लड़के सवार थे। इससे पहले कि महिला कुछ समझ पाती, बाइक चला रहे युवक ने पलक झपकते ही महिला के हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी तेजी से कटंगा क्रॉसिंग की तरफ भाग निकले।

## एक नजर में



### वर्षों से फरार 105 वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

**नवभारत,जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने गुंडे बदमाशों की धरपकड़ की। कॉम्बिंग गश्त के दौरान कई वर्षों से फरार 105 गैर म्यादी वारंटियों एवं 54 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 32 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। इस दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई। कॉम्बिग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएस पी यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई।

### युवक से 1 .08 लाख की ऑनलाइन ठगी

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत न्यू राम नगर निवासी एक युवक को शातिर ठग ने डरा-धमकाकर खाते से 1 लाख 8 हजार 700 उड़ा लिए। पुलिस के मुताबिक राजेश कनोजिया ( 42 ), निवासी न्यू रामनगर एक अज्ञात कॉलर ने उसे ऑनलाइन माध्यम से डराया और शारीरिक चोट पहुंचाने की धमकी दी। इस डर का फायदा उठाकर आरोपी ने पीड़ित के खाते से 1,08,700 की मोटी रकम पार कर दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### 175 नृत्यांगनाओं की नृत्य प्रस्तुति कल

**नवभारत,जबलपुर।** कला, साहित्य,संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के द्वारा पद्मभूषण पंडित कुंजीलाल दुबे की स्मृति में 2 जून को शाम 7 बजे से मानस भवन सभागार में सामूहिक नृत्यों का आयोजन किया गया है। समारोह के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया नृत्योत्सव में 175 नृत्यांगनाए नृत्यनिदेशक नीलांगी कलन्तरे, स्वाति मोदी तिवारी,मोती शिवहरे, उपासना उपाध्याय,भैरवी विश्वरूप,मोमिता बेज, राकेश गिरिगोस्वामी,मेघा पांडे,कृष्णकांत दीक्षित,अंकिता गिनारा,मानसी विश्वकर्मा,गरिमा पटवा, तेजस्वनी सिंह,अमृता तिवारी,महिमा गुप्ता के निर्देशन में विविध शास्त्रीय उपशास्त्रीय शैली के सामूहिक नृत्यों को प्रस्तुत करेंगी।श्रीमती दुर्गा चौबे, प्रतुल श्रीवास्तव,विजय नेमा,यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा ने बताया कि समारोह में प्रवेश नि:शुल्क है।

### युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बहदन में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार को गोमती अहिरवार 33 वर्ष निवासी ग्राम बहदन भेड़ाघाट ने सूचना दी उसके तीन बच्चे हैं उसके पति दयाचंद अहिरवार 36 वर्ष मालवाहक छोटा हाथी वाहन चलाते थे जो रोज की तरह शनिवार को वाहन चलाकर रात लगभग 10 बजे घर आये थे साथ में खाना खाकर रात लगभग 11-30 बजे वह एवं उसके तीनों बच्चे छत पर सोने चले गये थे, कभी कभी पति के सीना में दर्द होता था जिसका इलाज चल रहा था पति शराब पीते थे पति घर में सो रहे थे रात लगभग 3-30 बजे उसका बेटा अमृत मोबाइल लेने छत से नीचे आया बताया कि पापा ने घर में फांसी लगा ली है तो वह नीचे आकर देखी उसके पति ने साड़ी से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटके थे। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# ब्रह्माकुमारीज़ ने दिलाया तंबाकू मुक्ति का संकल्प




**नवभारत, जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ ज्ञान संजीवनी भवन, धन्वंतरि नगर में एक विशेष जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और तंबाकू मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक था, जिसमें आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ समाज को स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया जाता है। कार्यक्रम में आध्यात्मिक और चिकित्सा दोनों दृष्टिकोणों से तंबाकू की हानियों पर प्रकाश डाला गया।

ब्रह्माकुमारीज़ जबलपुर मुख्य संयोजिका भावना दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल ईश्वर का होना चाहिए। आत्मा को सुख-शांति परमात्मा की याद से मिलती है, किसी नशीली वस्तु से नहीं। राजयोग ध्यान मनुष्य को आंतरिक रूप से इतना मजबूत बनाता है कि बाहरी सहारे की ज़रूरत नहीं रहती। उन्होंने बताया कि तंबाकू की लत का कारण मन का खालीपन और तनाव है। आत्मिक शक्ति जाग्रत होने पर व्यक्ति स्वाभाविक रूप से इन हानिकारक आदतों को त्याग देता है।

वहीं मेडिकल कॉलेज पल्मोनरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आर्य ने तंबाकू के वैज्ञानिक दुष्प्रभाव बताए। उन्होंने चौंकाने वाला तथ्य साझा किया कि एक सिगरेट जीवन के 11 मिनट कम करती है, यानी रोज़ एक पैकेट पीने वाला व्यक्ति करीब 4 घंटे गँवा देता है। तंबाकू के 7,000 रसायनों में 70 कैंसरकारी हैं, जिनसे फेफड़ों व मुँह-गले का कैंसर, सीओपीडी, हृदयाघात और लकवा होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वयं तंबाकू न लेने और परिजनों को दूर रखने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि तंबाकू से मुक्ति केवल इच्छाशक्ति का नहीं, वरन आत्मिक जागरण का विषय है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी, जेवरात सहित गैस सिलेंडर ले उड़े चोर

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गंगामैया मुकुल टेंट हाउस के पास स्थित एक सूने मकान को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बना ताला तोड़कर नगदी, सोने-चांदी के जेवरात समेत गैस सिलेंडर पर हाथ साफ कर दिया। अज्ञात चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब परिवार कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था। पुलिस के अनुसार, गंगामैया निवासी ओमवती यादव बीति रात करीब 9 बजे घर पर ताला लगाकर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गोसलपुर गई थीं। रविवार सुबह करीब 7 बजे जब वह वापस घर लौटीं, तो मुख्य दरवाजे का कुंडा और ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। नगदी 18,000 रूपए, सोने की झुमकी और चांदी की एक जोड़ी पायल, मिक्सी और एचपी कंपनी का भरा हुआ गैस सिलेंडर, बर्तन गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# ताने से तंग आकर नवविवाहिता ने दी थी जान

**मर्ग जांच में खुलासा, पति, सास-ससुर गिरफ्तार**

**जबलपुर।** ससुराल पक्ष की क्रूरता और प्रताड़ना से तंग आकर बघराजी निवासी नवविवाहिता ने जहरीली वस्तु का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित बच्चा न होने पर मृतिका को का ताना मारते थे। दहेज में रुपयों व टू-व्हीलर की मांग की जाती थी। जिससे तंग आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया था। कुण्डम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक 7 मई को खुशबू चौधरी 24 वर्ष निवासी बघराजी ने जहर का सेवन कर लिया था जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 मई को उसकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतिका के मायके, ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जिसमें यह बात सामने आई कि खुशबू चौधरी की शादी 7 मार्च 24 को बलराम चौधरी निवासी बघराजी के साथ हुई थी, खुशबू चौधरी का पति बलराम चौधरी, सास रानी चौधरी, ससुर मोहनलाल चौधरी द्वारा खुशबू चौधरी से रूपये एवं टू व्हीलर की मांग करना एवं खुशबू को बच्चा नहीं होने से प्रताड़ित करते थे। पति, सास, ससुर की प्रताड़ना से परेशान होकर खुशबू चौधरी ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी बलराम चौधरी 32 वर्ष, ससुर मोहन लाल चौधरी 59 वर्ष, सास रानी चौधरी 55 वर्ष सभी निवासी बघराजी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# मानेगांव के सरकारी स्कूल का ताला तोड़कर चोरी

**9 अलमारियों को खंगाला, 200 थालियां, गैस चूल्हा ले गए चोर**

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत मानेगांव के एक शासकीय स्कूल के चैनल गेट और कमरों का ताला तोड़कर चोर 9 अलमारियों को खंगाल डाला। चोर स्कूल के मिड-डे मील के बर्तन 200 थालियां, गैस चूल्हा, पानी की टंकी और बच्चों की पढ़ाई का सामान चोरी कर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बुद्धू काछी का बाड़ा मानेगांव निवासी जालम सिंह ठाकुर (61) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती, बिलपुरा बगिया टोला, रांझी में सहायक शिक्षक हैं। देखरेख करने वाली सहायिका मीरा बाई जब कल शाम स्कूल परिसर पहुंचीं, तो वह दंग रह गईं। स्कूल के बाहर बाउंड्री का मुख्य गेट तो बंद था, लेकिन अंदर के दोनों चैनल गेट और कमरों के ताले टूटे पड़े थे। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सहायक शिक्षक जालम सिंह को फोन पर दी। जालम सिंह अपने साथी हरगोविंददास साहू के साथ मौके पर पहुंचे, तो स्कूल के भीतर का नजारा बदला हुआ था। अज्ञात चोरों ने स्कूल के भीतर घुसकर वहां रखीं 9 अलमारियों के ताले कटर या रॉड से तोड़ दिए थे। चोर 200 स्टील की थालियां, दो गैस चूल्हा, एक कुकर, एक कढ़ाई और एक बड़ा गंज , दो स्टील की टंकी और एक सिंटेक्स की पानी टंकी, नौ प्लास्टिक की कुर्सियां, छ: स्टील कप और तीन स्टील सिंक। बच्चों की गणित किट और सरकारी पुस्तकें चुराकर ले गए।

**जैविक हाट** | रसायन-मुक्त उत्पादों के प्रति बढ़ा उपभोक्ताओं का भरोसा

# जैविक हाट बना शुद्धता की पहचान



**जबलपुर।** जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में पिछले छह माह से प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट लगातार लोकप्रियता हासिल कर रहा है। यह हाट अब शुद्धता और गुणवत्ता की पहचान बनता जा रहा है, जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे किसान अपने

प्रमाणित, रसायन-मुक्त एवं जैविक उत्पादों का विक्रय कर रहे हैं। हाट में ताजी सब्जियां, अनाज, दालें, मसाले तथा अन्य कृषि उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं का रुझान भी लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते हर सप्ताह बड़ी संख्या में खरीदार यहां पहुंच रहे हैं।

किसानों को जहां अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल रहा है, वहीं उपभोक्ताओं को भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो रही है। कृषि विभाग के विशेषज्ञों की निगरानी में हाट का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन पंकज श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती, विपणन, ब्रांडिंग एवं प्रमाणीकरण संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की।

### भाजपा नगर अध्यक्ष ने लिया जायजा

रविवार को लगाये गये साप्ताहिक जैविक हाट का अवलोकन करने पहुंचे भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कृषि विभाग की पारदर्शी व्यवस्था और किसानों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन किसानों और उपभोक्ताओं के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बन रहे हैं। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने और जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने जैविक हाट के आयोजन की पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया।